Seventeenth Loksabha

an>

Title:**Regarding stoppage of trains at railway stations under Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.**

श्री रवि किशन (गोरखपुर) : माननीय सभापति महोदय, भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जिससे करोड़ों लोग प्रतिदिन यात्रा करते हैं । भारतीय रेल का श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चहुँमुखी विकास दिखाई दे रहा है, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा महसूस हो रही है । आज यात्रियों को वर्ल्ड क्लास रेल यात्रा की अनुभूति मिल रही है, जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आपदा काल कोरोना में देश में सभी ट्रेनों का संचालन निरस्त कर दिया गया था, बाद में ट्रेनों का संचालन दोबारा शुरू हो गया, परंतु मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर (उ0प्र0) के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में कुछ ट्रेनों का ठहराव निरस्त कर दिया है, जहां पूर्व समय में ठहराव चलता आ रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र में भी ट्रेनों का ठहराव जनहित में अति आवश्यक है, जिसमें सहजनवां रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या एक्सप्रेस 15007/15008 गोरखपुर एक्सप्रेस, 19038/19037 अवध एक्सप्रेस, 22537/22538, कुशीनगर एक्स., 11124/11123 बरौनी ग्वालियर एक्स., 15273/15274 सत्याग्रह एक्स । इसके अतिरिक्त पी.पी. गंज और कैम्पियरगंज में कुछ गाड़ियों का ठहराव जनहित में अति आवश्यक है, जिनके नम्बर निम्नवत हैं – 18201/18202, 18205/18206, 15065/15067, 15066/15068 का ठहराव उपर्युक्त स्टेशनों पर जनहित में अति आवश्यक है ।

अत: मैं, सभापति महोदय, आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपर्युक्त ट्रेनों का ठहराव मेरे संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर करने की कृपा करे जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को राहत मिल सके ।